तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 28 दिसंबर 2024

11 हाईवे के किनारे पहुंचा गौर का झुण्ड

12 प्रतियोगिताओं के सफल प्रशिक्षणार्थी पुरस्कृत




।। बाबा ऊँ श्री शिव ।।
नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का
राजिम नवापारा, रायपुर
सावधान सावधान
चाइना गोल्ड से सावधान
नवकार ज्वेलर्स राजिम में अब जापानी तकनीक से युक्त सोने की शुद्धता जांचने की मशीन

जापानी तकनीक से युक्त मशीन
सोने की शूद्रता एवं कैरेट की जांच
निःशुल्क सोने की शूद्रता जांच
चाइना गोल्ड से बचने का उपाय
नवकार ज्वेलर्स राजिम में मशीन द्वारा अपने सोने की शुद्धता की जांच करवाएं तथा यह सुनिश्चित करें की आपका सोना असली है या चाइना

## खबर संक्षेप

### अनुपस्थित बीईओ व सहायक ग्रेड-03 को नोटिस जारी

**गरियाबंद।** जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत ने शुक्रवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी किशुन लाल मतावले एवं सहायक ग्रेड-03 खेलन देवांगन बिना पूर्व सूचना एवं अवकाश आवेदन के अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण जारी करते हुए माह दिसंबर 2024 को वेतन अवरुद्ध करने जिला कोषालय अधिकारी को पत्र प्रेषित किया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी छुरा द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में संचालक लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन नया रायपुर का अवगत कराया गया है।

### त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के साथ आचार संहिता होगी लागू

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद और नगर पालिक निगम एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता संबंधित क्षेत्रों में लागू कर दी जाएगी। इसके साथ ही लागू होने वाली आदर्श आचरण संहिता के पालन के संबंध में माननीय आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। जिसका अक्षरशः पालन अधिकारी-कर्मचारी सुनिश्चित करें।

### आरक्षण पर कार्यवाही स्थगित

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने शासन के निर्देशानुसार जिला गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत के वार्डों के आरक्षण, जनपद पंचायत, जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों के आरक्षण, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत के सरपंच व अध्यक्ष पदों के आरक्षण की कार्यवाही 28 एवं 29 दिसंबरनियत थी, जिसे स्थगित किया गया है। आगामी आरक्षण की कार्यवाही के लिए पृथक से सूचना जारी की जाएगी।

### रजनकटा में मड़ई 29 को

**पांडुका।** छुरा विकास खंड के ग्राम पंचायत रजनकटा में 29 दिसंबर को ग्राम रजनकटा में मंडई मेला होगा। इस कार्यक्रम के आयोजक समस्त ग्रामवासी रजनकटा (पाण्डुका) रहेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि गौरव मिश्रा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, राजेश्वरी दीवान सरपंच ग्राम पंचायत रजनकटा, ओमकार साहू पटेल ग्राम रजनकटा रहेंगे। रात्रिकालीन कार्यक्रम कका भतीजा नाचा पार्टी ग्राम सरईपाली (कोमाखान ) की प्रस्तुति, कार्यक्रम स्थान ग्राम रजनकटा की होगी।

### लोहरसी में मड़ई 31 को

**कोपरा।** क्षेत्र के ग्राम लोहरसी में 31 दिसंबर को मड़ाई मेला होगा। कार्यक्रम मंगलबाजार चौक से मुकतेश्वर महादेव तक लगेगा, रात्रि कालीन कार्यक्रम जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी ग्राम मंदलोर (चंपारण धाम) जिला रायपुर की प्रस्तुति होगी।

### विडंबना : किसान सुबह 8-9 बजे से लाइन में लगकर बैंक खुलने का करते हैं इंतजार

# 54 गांव के किसान एक बैंक के भरोसे लिमिट नहीं बढ़ाया, रोज लग रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

किसानों को अपनी फसल का पैसा लेने में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पाण्डुका के 22 गांव सहित गरियाबंद क्षेत्र के 32-34 कुल गांव देखा जाए तो 54 से अधिक गांव का जिला सहकारी बैंक गरियाबन्द भुगतान करता है। इसमें भी किसानों का भुगतान नहीं हो पा रहा है भले ही धान बेचने के बाद 10 हजार की राशि लेने माइक्रो एटीएम सोसायटी में लाया गया हो इसका कई किसानों को पता नहीं तो कई जगह चालू नहीं हो सका जिससे इसका फायदा किसानों को नहीं मिल पा रहा है। पाण्डुका क्षेत्र के किसान 25 से 30 किलोमीटर का सफर कर गरियाबंद बैंक जाते है उसमें भी जल्द पहुंचने पर पैसा मिलता है। नहीं तो विलंब से जाने पर 2, 3 दिन के बाद आने के लिए कहा जाता है या फिर पैसा निकालने का विड्रॉल नहीं होने की बात कहकर नहीं दिया जाता, जिसे मिलता है उसे दूसरे दिन शाम तक इंतजार करना पड़ता है। दो सौ रुपये ज्यादा खर्चा-पाण्डुका गरियाबंद क्षेत्र के किसान अपनी सुविधानुसार गाड़ी, बस में बैंक जाते है लेकिन ज्यादा किसानों का जमा होने और ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ पाण्डुका क्षेत्र के किसान 25 से 30 किमी की दूरी तय कर जाते हैं गरियाबंद




#### किसानों को केसीसी लोन की चिंता

जिला सहकारी बैंक में ज्यादा भीड़ लगने का मुख्य कारण कहा जाए तो एक एटीएम से 1 लाख रुपया निकालना चाहे तो 5 दिन तक निकालना पड़ेगा। ऐसे में दूसरे बैंक में लोन लिए किसान सीधा बैंक से पैसा निकालने की सोचता है लेकिन बैंक में कम पैसा होने और ज्यादा किसान के कारण पैसा नही मिल पाता इसमे किसानों के लिए कम से कम 50 हजार भुगतान होना जरूरी है। बैंक में इसके लिए एक से दो दिन इंतजार करना पड़ता है। किसानों की संख्या ज्यादा होने के कारण रोड में चक्का जाम करते है।

#### रोज 3 सौ से ज्यादा पासबुक हो रहे जमा

जिले के किसान को राशि ज्यादा होने और संख्या अधिक होने के कारण पहले जमा किए पासबुक विड्रॉल का भुगतान किया जाता है। दूसरे दिन जमा किए 4 सौ से ज्यादा किसानों का 1 से 2 दिन का समय लगता है उसके लिए भी विड्रॉल और पैसा आने पर ही भुगतान हो पाता है। जिससे पैसा खर्च ज्यादा हो जाता है, तो कभी सर्वर की समस्या भी दिनभर परेशान कर देता है।

#### किया जा रहा भुगतान

पैसे की लिमिट फिक्स है। रोज भुगतान किया जा रहा है। अभी तक पंचायतों में भुगतान सम्बंधित ऊपर अधिकारी से कोई जवाब नही आया है। पाण्डुका क्षेत्र के मंडी प्रबंधक अपने रिस्क में ले जाकर भुगतान करना चाहे तो हम दे देंगे।

**-हरिराम ध्रुव,** शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक गरियाबंद

## पांच करोड़ की ठगी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में ट्रेडिंग ऐप ट्रेड एक्सपो के जरिए 5 करोड़ की ठगी के मामले में पुलिस ने एमपी के रीवा से मुख्य आरोपी अरुण द्विवेदी को गिरफ्तार किया है। अरुण इस ठगी गिरोह का सरगना है और उसका नेटवर्क दुबई और बांग्लादेश तक फैला हुआ है। पुलिस ने आरोपी अरुण को न्यायालय से तीन दिन की रिमांड पर लिया है। पूछताछ में उसने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। पुलिस अब भारत में फैले इस ठग नेटवर्क को उजागर करने और रकम वापस कराने के लिए ठोस कदम उठा रही है। गरियाबंद के अलावा धमतरी और महासमुंद में भी इस गिरोह ने निवेशकों को झांसा देकर ठगी की। आरोपी के खिलाफ झारखंड में भी 5 करोड़ की ठगी का मामला दर्ज है। 19 दिसंबर को राजिम थाने में संतोष देवांगन ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें 93 निवेशकों से रकम 5 गुना करने का लालच देकर ठगी का आरोप था।

**फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस-** इस मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, पांचवां आरोपी राजाराम तारक अभी भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। एडिशनल एसपी जितेंद्र चंद्राकर ने बताया कि आरोपी अरुण द्विवेदी ट्रेड एक्सपो को भारत में लाने ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ मामले में अब तक 4 आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



## 108 कुंडीय महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर, यज्ञशाला का किया जा रहा निर्माण

**नवापारा-राजिम।** 5 से 8 जनवरी तक चार दिवसीय 108 कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन शहर के हरिहर हाई स्कूल मैदान में होने जा रहा है। गायत्री परिवार के अशोक मिश्रा ने बताया कि युग निर्माणी देवकन्याओं-मातृशक्तियों युवाओं द्वारा यज्ञ स्थल में यज्ञशाला निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य में अभनपुर ब्लॉक इकाई, नवापारा इकाई सभी प्रज्ञा पीठ, गायत्री शक्ति पीठ के कार्यकर्ता समर्पण भाव से कार्य कर रहे है। बताया कि यज्ञों की भौतिक और आध्यात्मिक महत्ता असाधारण है। भौतिक या आध्यात्मिक जिस क्षेत्र पर भी दृष्टि डालें उसी में यज्ञ की महत्वपूर्ण उपयोगिता दृष्टिगोचर होती है। वेद में ज्ञान, कर्म, उपासना तीन विषय हैं। कर्म का अभिप्राय-कर्मकाण्ड से है, कर्मकाण्ड यज्ञ को कहते हैं। वेदों का लगभग एक तिहाई मंत्र भाग यज्ञों से संबंध रखता है। सभी वेदमंत्र ऐसे हैं जिनकी शक्ति को प्रस्फुरित करने के लिए उनका उच्चारण करते हुए यज्ञ करने की आवश्यकता होती है।

## नगर के शीतलापारा में बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





शहर के शीतलापारा वार्ड क्र. 20-21 में 28 दिसंबर को संत बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन होगा। विशेषर हिरवानी ने बताया कि शाम 4 बजे मोहल्ले के सामाजिकजनों द्वारा सर्वप्रथम पालो चढ़ाने व गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना होगी। शाम 6 बजे से अतिथि सत्कार का कार्यक्रम प्रारम्भ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी व पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता पालिका उपाध्यक्ष चतुर सिंह जगत, गुरुघासी दास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष धनेश्वरी-मेलाराम डांडे, सतनामी समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन, वार्ड पार्षद अजय साहू व पद्मिनी सोनी करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश नीति अनुसन्धान प्रमुख किशोर देवांगन, नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष रुखमणी साहू, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष सरदार जीत सिंह सहित स्थानीय पालिका के पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण, एल्डरमैन व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।

## पीएम जनमन के तहत ग्राम भिरालाट के सड़कपारा हुआ बिजली से रौशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद विकासखंड के वनांचल में स्थित ग्राम पंचायत जोबा के आश्रित ग्राम भिरालाट के सड़कपारा में विगत दिनों परम्परागत तरीके से बिजली पहुंचाई गई। लंबे इंतजार के बाद ग्राम भिरालाट के सड़कपारा में बिजली से रौशन होने पर लोगों में खुशी और आपार उत्साह का माहौल है। सड़कपारा के निवासी आज के परिवेश में अति-आवश्यक सुविधाओं में से एक बिजली को पाकर बहुत ही हर्षित हैं। वहाँ के लोगों द्वारा पूर्व से ही विद्युतीकरण कराने की मांग की जाती रही थी। विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य के तहत ग्राम भिरालाट के सड़कपारा का सर्वे कार्य कराकर विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया है। भिरालाट सड़कपारा में 1 नग 25 केव्हीए ट्रांसफार्मर स्थापित कर 0.03 किमी. 11 केव्ही लाईन व 0.88 किमी. एलटी केव्ही लाईन विस्तार करते हुये 15 नग घरेलू कनेक्शन निःशुल्क प्रदान किये गये है। सड़कपारा के ग्रामीणजनों को अब काफी राहत मिलेगी। क्योंकि उन्हें रात में जंगली जानवरों, सांप-बिच्छुओं का डर लगा रहता था। खासकर बरसात में सांप-बिच्छू का डर ज्यादा सताता था। ग्रामीणजनों का कहना है कि छत्तीसगढ़ शासन ने हमें बहुत बड़ी सुविधा प्रदान की है। अब बिजली की पर्याप्त रौशनी होने से उन्हें दैनिक कार्यों में काफी सुविधा मिल रही है। साथ ही बच्चों को पढ़ने-लिखने में सहायता मिल रही है। बिजली जैसी मुख्य मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति होने से उन्हें आर्थिक, धार्मिक व सामाजिक कार्यों में सहूलियत प्राप्त होगी।



■ बच्चों को पढ़ने-लिखने में मिल रही रौशनी

### मरार पटेल समाज का सम्मान समारोह 29 को

**छुरा।** कर्मचारी प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान सह कैरियर गाइडेंस समारोह 29 दिसंबर को शहीद स्मारक भवन रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में वर्ष 2024 में कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रावीण्यता प्राप्त विद्यार्थियों को तथा समाज के प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मोटिवेशनल वक्ताओं द्वारा कैरियर गाइडेंस दिया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल, अतिविशिष्ट अतिथि विशेषर पटेल अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छग, विशिष्ट अतिथि मरार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बरत राम पटेल, संयोजक राजेन्द्र नायक पटेल, महासचिव प्रेम लाल पटेल, कोषाध्यक्ष गीताराम पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष आत्मनारायण पटेल, सुनील पटेल, सुरेन्द्र पटेल, श्रीमती कविता पटेल नायब तहसीलदार होंगे। अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नागेश्वर पटेल करेंगे। मोटिवेशनल स्पीकर जागेश्वर कौशल संयुक्त कलेक्टर, गौतमचंद पाटिल डिप्टी कलेक्टर, राजेंद्र कुमार पटेल संयुक्त संचालक (वित्त), कौशलेन्द्र पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, हरीश पाटिल नगर पुलिस अधीक्षक, राजू पटेल तहसीलदार, केजा राम पटेल नायब तहसीलदार, डॉ. चंद्रकात पटेल, डॉ. वर्षा पटेल, डॉ. आरके तलवरे और श्री मुरली मनोहर देवांगन डायरेक्टर कोचिंग संस्थान द्वारा कैरियर गाइडेंस दिया जायेगा। उपरोक्त जानकारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बेद राम पटेल ने दी।

### कृषि विभाग दे रहे हैं उचित देख-रेख की सलाह

# खेतों ने ओढी पीली चादर, सरसों के फूल लहलहा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के किसान सरसों की खेती की ओर चल पड़े है। क्योंकि लगातार खाद्य तेलों के रेट बढ़ रहे हैं बढ़ते खाद्य तेलों की कीमत की वजह से क्षेत्र मे लगभग विलुप्त हो चुकी है। दलहन -तिलहन की खेती को दोबारा संजीवनी मिली है और किसान सरसों की खेती को अवसर मे बदल रहे हैं। क्षेत्र में सरसों की खेती का दायरा बढ़ गया है। इस बार सरसों की पीले फूल लहलहाने लगी है। इन दिनों ग्राम पथर्री, भूतबेड़ा, गरीबा जैसे दूरस्थ वनांचलों में सड़क किनारे नीले आसमान के नीचे सरसों के पीले फूलों को देख ऐसा लग रहा है मानों प्रकृति अपनी सुंदरता बिखेर रही है। इस साल सरसों की फसल को देख अच्छी पैदावार होने की उम्मीद है। किसान भान सिंह, मनमोहन, अनीता बाई, गुरवारू ने बताया की मैनपुर क्षेत्र में दो बार सरसों की खेती वर्ष में करते हैं। छोटे किस्म के सरसों की फसल पक गया है जो अब कटने को तैयार है। वहीं दूसरी ओर धान कटाई के तुरंत बाद फिर एक बार सरसों की खेती किया जाता है अभी ये फसल तैयार हो रहा है। किसान जगदीश नागेश ने बताया इस वर्ष सरसों की फसल लिए है और सरसों के पीले फूलों की ओर आकर्षित होने वाले कीटों से फसलों की क्षति होने से बचाने के लिए कृषि विभाग की ओर से उचित देखरेख की सलाह दी जा रही है। ग्राम कन्हारपारा के किसान बताते है सरसों की फसल को 15 दिन मे एक बार पानी देते है ज्यादा पानी नहीं लगता।




#### दो बार करते हैं सरसों की खेती



मैनपुर के कृषि अधिकारी भावेश शांडिल्य ने बताया की क्षेत्र में किसान दो बार सरसों की खेती करते हैं। छोटे किस्म के सरसों की फसल इन दिनों लहलहा रही है। हालंकि बहुत कम मात्र में किसान धान के साथ तैयार होने वाला सरसों की खेती कर रहे हैं।

हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप




### लक्षवीर कलमकार अक्षर सम्मान से सम्मानित

**अभनपुर।** अभनपुर के ग्राम मुण्डरा निवासी शिक्षक लक्षवीर बांधे को छत्तीसगढ़ कलमकार मंच द्वारा बिलासपुर जुलाजिकल पार्क में आयोजित एक कार्यक्रम में कलमकार अक्षर सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके अक्षराजंलि काव्य संकलन मे उत्कृष्ट काव्य लेखन कार्य के लिए प्रदान किया गया है। इस अवसर पर कलमकार मंच के संस्थापक डॉ. किशन टंडन, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ गोवर्धन मार्शल, कवि मणिशंकर दिवाकर, सुरजीत टंडन, कवित्री मंजुलता मेरसा, लक्ष्मी डहरिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### संत समागम मेला आज

**अभनपुर।** सतनाम संदेश यात्रा का समापन एवं संत समागम मेला का आयोजन 28 दिसंबर को गातापार सतनाम भवन में आयोजित किया जा रहा है। सतनाम संदेश यात्रा समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र बंजारे ने बताया कि अभनपुर के विभिन्न गांवो मे सतनाम संदेश यात्रा के माध्यम से प्रतिवर्ष जागरूकता अभियान चलाया जाता है जिसका समापन ग्राम गातापार सतनाम भवन में होगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्मगुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग, अध्यक्ष इन्द्रकुमार साहू विधायक, प्रमुख रूप से शामिल होंगे। इस अवसर पर समाज के साथ ही अन्य समाज के समाज मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रमुख व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। उक्त जानकारी सरपंच गोतियारडीह मुकेश ढीढी द्वारा प्रदान की गई है।

### डॉयल 108 में भर्ती विज्ञापन, सर्विस प्रोवाइडर ने की थाने में शिकायत

**रायपुर।** डॉयल 108 संचालित करने वाली जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस ने एक कंसल्टेंसी द्वारा भर्ती विज्ञापन को लेकर तेलीबांधा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। डॉयल 108 की सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनी ने विज्ञापन को फर्जी बताते हुए लोगों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस ने फाइन दक्ष कंसल्टेंसी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। डॉयल 108 की सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनी ने अपनी लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि संबंधित कंसलटेंसी कंपनी ईएमटी और पायलट की जिलेवार फर्जी भर्ती निकालकर युवाओं को जॉब के नाम पर लूटने की कोशिश कर रही है। डॉयल 108 की सर्विस प्रोवाइडर कंपनी ने पुलिस को बताया है कि उनकी संस्था द्वारा उक्त कंसल्टेंसी से मैनपावर प्रदान करने के लिए किसी भी प्रकार का कोई भी करार नहीं किया गया है। डॉयल 108 सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनी ने कंसल्टेंसी पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर उनकी छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है।

# कलार समाज के 100 से अधिक युवक-युवती ने दिया परिचय, कई रिश्ते तय हुए

**वित्त मंत्री चौधरी ने भवन के लिए 50 लाख रुपए की स्वीकृति दिलाने का दिया आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

छत्तीसगढ़ कलार समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय 24वां युवक -युवती परिचय सम्मेलन एवं परिवारिक मिलन व समाज रत्न सम्मान का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप मे वित्त मंत्री ओपी चौधरी, अध्यक्षता छत्तीसगढ़ कलार समाज प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा, विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सासंद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, रुपनारायण सिन्हा प्रदेश समन्वयक सत्ता एवं संगठन, संगीता सिन्हा आदि प्रमुख लोग शामिल हुए। इस सम्मेलन में बस्तर से लेकर सरगुजा तक के समाज के लोग परिवार सहित युवक, युवतियां सम्मिलित हुए जिसमें 100 से अधिक युवक युवतियों ने अपना परिचय दिया तथा दोनों परिवारों के रजामंदी से कई रिश्ते तय हुए है। इस अवसर पर अतिथियो द्वारा दिनेश सिन्हा कुलसचिव पंडित डीडीयू, अनिल सिन्हा सचिव विधि विभाग, डॉ. नरेन्द्र सिन्हा कुलपति बदौड़ा युनिवर्सिटी, सतीश जैन, भोला सिन्हा, गणेश राम सिन्हा वाइंस चांसलर को समाज रत्न से सम्मानित किया गया।



### समाज के लिए जमीन का किया जायेगा आबंटन

इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी के समक्ष सामाजिक भवन व नवारायपुर के किसी प्रमुख चौक का नाम सहशस्त्र बाहु देव अर्जुन की प्रतिमा स्थापित करने तथा समाज के भवन एवं सामाजिक कार्यक्रमों के लिए 5 एकड़ भूमि की मांग रखी गई थी जिसपर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सामाजिक भवन के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा कर 50 लाख रुपए की स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया गया है एवं समाज के लिए 5 एकड़ भूमि के संबंध में उन्होने कहा कि अगर किसी समाज को नवारायपुर में जमीन का आबंटन पूर्व मे किया जा चुका है तो सिन्हा समाज के लिए भी जमीन आंबटन किया जायेगा तथा किसी भी एक चौक का नामकरण सहशस्त्र बाहु देव अर्जुन के नाम होगा। उक्त घोषणाएं वित्त मंत्री द्वारा की गई है। कार्यक्रम में दीपक सिन्हा, पुरूषोत्तम गजेन्द्र, गजाधर बैद्य , करिया दीवान, दिनेश पोया, विकास महतो, राजा जायसवाल, दिनेश जायसवाल, विजय जायसवाल, ललित डिकसेना, राजकुमार जायसवाल, राधेश्याम सिन्हा, राजेन्द्र कुमार सिन्हा, विजय सिन्हा, खुशवंत सिन्हा, भागेश्वरी सिन्हा, पन्नालाल सिन्हा, सुरेश सिन्हा आदि पदाधिकारियों सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।



माता कौशल्या विहार और इंद्रप्रस्थ रायपुरा के संयुक्त सर्वे के बाद निगम ने 125 करोड़ का भेजा डिमांड

# आरडीए-हाउसिंग बोर्ड की दर्जनभर कालोनियों को निगम ने अब तक नहीं लिया हैंडओवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरडीए और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की दर्जनभर कालोनियों को नगर निगम हैंडओवर नहीं ले रहा है। इन कालोनियों को निगम में हैंडओवर लेने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय बाकायदा निर्देश भी जारी हुए, इसके बाद भी निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा। विडंबना ये है, कालोनी के रहवासी नगर निगम को प्रापर्टी टैक्स के साथ जल कर का भुगतान हर साल कर रहे हैं, पर नगर निगम की ओर से उन्हें डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, नाली व सड़क की सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधा अब तक नहीं मिल पाई। उल्टे कौशिल्या विहार सेक्टर 4 के रहवासी एरिया में निगम ने कचरा प्राइमरी डंप करवाना शुरू कर दिया है। इससे रहवासी बेहद त्रस्त हैं। दरअसल, रायपुर विकास प्राधिकरण के 1200 करोड़ के आधा दर्जन प्रोजेक्ट को नगर निगम ने हैंडओवर नहीं लिया है। दोनों महकमे के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने सर्वे कर अपनी जांच रिपोर्ट पहले ही सौंप दी है। जोन 10 कमिश्नरी ने इसके बाद 125 करोड़ का डिमांड नोट भेजा है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है, हम पैसा नहीं दे सकते, बल्कि खामियां पूरी कर देंगे। इसी तरह इंद्रप्रस्थ रायपुरा का सर्वे करने के बाद जोन 8 ने करीब 1 करोड़ से ज्यादा का डिमांड भेजा। प्राधिकरण ने यह राशि जमा नहीं कराई। ऐसे में कालोनी का हैंडओवर लंबित है।




### कौशिल्या विहार के रहवासी परेशान, स्ट्रीट लाइट बंद, कूड़ा-करकट, सुरक्षा की समस्या

1600 एकड़ में फैले रायपुर विकास प्राधिकरण के कौशिल्या विहार सेक्टर 4 में खुली जमीन पर नगर निगम ने कचरा डंप करना शुरू कर दिया है। बदबू और गंदगी से बेहाल लोगों ने दो दिन पहले नगर निगम की गाड़ियां रोक कर विरोध जताया। मुख्यमंत्री से भी जनदर्शन में इसकी शिकायत हुई है। नगर निगम कौशिल्या विहार वालों से प्रापर्टी टैक्स तो वसूल रहा है, पर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और सड़क सफाई नहीं करा रहा। गंदगी और स्ट्रीट लाइट की समस्या भी यहां बनी हुई है। कौशिल्या विहार रेसीडेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष आशीष भट्टाचार्य का कहना है, नगर निगम और आरडीए के बीच कौशिल्या विहार के रहवासी पिसकर रह गये।

### हाउसिंग बोर्ड की कालोनी भी हैंडओवर नहीं

भावना नगर, कचना फेस 1 मल्टी कांप्लेक्स, खम्हारडीह सेजबहार की हाउसिंग बोर्ड कालोनी, देवपुरी स्थित हिमालयन हाईट्स के 1000 फ्लैट को निगम में हैंडओवर लेने का प्रस्ताव लंबित है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अधिकारी संदीप साहू के मुताबिक इन इलाकों में नगर निगम संबंधित कालोनी के रहवासियों से प्रापर्टी टैक्स ले रहा है, पर पानी, नाली और सड़क सफाई, स्ट्रीट लाइट की देखरेख नहीं कर रहा। हमने पहले ही प्रस्ताव बनाकर भेज रखा है। सोसाइटी बनाकर कालोनी मेंटेन करना है, पर कालोनी वासी एकमत नहीं हो पा रहे। रहवासी त्रस्त हैं, एक ओर निगम प्रापर्टी टैक्स ले रहा, दूसरी ओर हाउसिंग बोर्ड मेंटनेंस शुल्क मांग रहा है। इसमें से बोरियाकला, सेजबहार कालोनी निगम क्षेत्र में नहीं है, इसलिए निगम ध्यान नहीं दे रहा।

### सीवरेज नाली, स्ट्रीट लाइट की समस्या

*कौशिल्या विहार सेक्टर 6 में पिछले 6 साल से रहने वाले विनोद मोटवानी ने कहा है, सीवरेज, नाली, स्ट्रीट लाइट और सफाई की समस्या को लेकर हम मुख्यमंत्री, निगम कमिश्नर, जोन कमिश्नर, आरडीए के अधिकारियों के पास गये, पर समस्या दूर नहीं हुई। दस साल से सीएसईबी के मेंटनेंस का पैसा नहीं पटाया गया है। जरा सी बारिश होने पर पैनल में पानी घुसने से बिजली बंद हो जाती है। रहवासियों ने हल्ला मचाया, तब कहीं जाकर आरडीए ने सीएसईबी को 2 करोड़ दिए, पर बिजली की समस्या अब भी है। मुख्य मार्ग के सीवरेज में ढक्कन नहीं है। लालपुर का गंदा पानी सेक्टर 5 में घुस रहा है। हालात ये हैं, इनके प्लॉट हैं वे मकान नहीं बना सकते। कौशिल्या विहार को निगम में हैंडओवर करने आग्रह लेकर कमिश्नर के पास गये तो कहना है, आरडीए पहले 100 करोड़ दे।*

## नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड का डीलर प्रशिक्षण संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम ) क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा एक दिवसीय डीलर प्रशिक्षण कार्यक्रम रायपुर स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। डीलर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान रायपुर क्षेत्र प्रभारी एसके भगत ने लक्ष्य एवं उपलब्धि पर विस्तार से जानकारी दी तथा डीलरों का कृषि व्यवसाय विकास उत्पादों की बिक्री वृद्धि पर ध्यान केंद्रित किया। कृषि व्यवसाय विकास प्रभारी, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल एमएम राठी ने डीलरों से कृषि व्यवसाय विकास उत्पादों की बिक्री पर जोर दिया, साथ ही बिक्री के संबंध में डीलरों के प्रश्नों एवं समस्याओं का समाधान किया। राज्य प्रबंधक, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा ओमपाल गुप्ता ने डीलरों को वर्तमान बाजार की स्थिति एवं राज्य में उर्वरक बिक्री की चुनौतियों के बारे में संबोधित किया। निदेशक कृषि विस्तार सेवाएं, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. एसएस टुटेजा ने कृषि इनपुट डीलरों को रासायनिक उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग के साथ-साथ जैविक उर्वरकों को बढ़ावा देने के बारे में संबोधित किया, ताकि जैविक और रासायनिक उर्वरकों के अंतिम उपयोगकर्ता तक जानकारी साझा किया जा सके।

आंचलिक प्रबंधक भोपाल आरएस चौहान ने डीलरों को संबोधित किया और कंपनी से संबंधित बहुमूल्य जानकारी साझा की तथा कृषि व्यवसाय विकास उत्पादों के साथ उर्वरकों की बिक्री बढ़ाने के लिए डीलरों को प्रोत्साहित किया।

## निगम में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अधिकारियों को मिली शाबासी

**रायपुर।** नगर निगम में नवाचार के तरीके अपनाकर आम जनता से जुड़े कार्यों में सहजता लाने के प्रयासों को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सराहा है। गुरुवार को गांधी सदन में ऐसे ही चुनिंदा अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आईटी एक्सपर्ट रंजीत रंजन को ऑनलाइन संपत्तिकर प्रणाली, फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम, होर्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम और ई चालान प्रणाली के सफल संचालन के लिए सम्मानित किया गया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सहायक अभियंता अंशुल शर्मा को फास्ट फोर व्हीलर ई चार्जिंग स्थापना और प्रमुख मार्गो के सौंदर्यीकरण में उनके योगदान के लिए शाबासी दी। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े सहायक अभियंता योगेश कडू को स्वच्छता सर्वेक्षण कार्य, अमृत मिशन के तहत एसटीपी में उपचारित जल आपूर्ति के महत्वपूर्ण कार्यो के लिए सम्मानित किया।

### मठपुरैना बाड़ापारा में मड़ई मेला 2 को

**रायपुर।** जय बजरंग अखाड़ा समिति द्वारा शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड में बाड़ापारा मठपुरैना में 2 जनवरी को मड़ई मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी विशिष्ट अतिथि होंगे।

## आरडीए का संपत्ति विक्रय अब ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण की संपत्तियां अब घर बैठे खरीदी जा सकेगी। आवास एव पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने गुरुवार को प्राधिकरण की ऑनलाइन संपत्ति विक्रय की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री चौधरी ने कहा रायपुर विकास प्राधिकरण की यह एक अच्छी पहल है इसका फायदा आम लोगों को मिलेगा। इससे नागरिकों प्रापर्टी ब्रोकर, एजेंट की जरूरत नहीं पड़ेगी। देश-दुनिया से कोई भी भारतीय नागरिक अब रायपुर विकास प्राधिकरण की प्रापर्टी बिना किसी दिक्कत के खरीद सकेगा। प्राधिकरण ने आम जनता की सुविधा के लिए ऑनलाइन प्रापर्टी विक्रय की व्यवस्था शुरू कर दी है। संपत्ति ऑनलाइन विक्रय साफ्टवेयर के बारे में प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से रायपुर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में उपलब्ध संपत्ति खरीदने के इच्छुक भारतीय नागरिक वेबसाइअ के माध्यम से योजनावार, कैटेगरी में उपलब्ध संपत्ति खोज कर ऑनलाइन ही राशि का भुगतान कर क्रय कर सकेंगे। इस प्रक्रिया से संपत्ति विक्रय की प्रीमियम राशि, जलकर और अन्य भुगतान किया जा सकेगा। इस प्रक्रिया से लोगों को बार-बार प्राधिकरण कार्यालय में आने की परेशानी नहीं होगी, साथ ही समय की बचत होगी। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ

## शहर के 70 तालाबों में मछली पालन के लिए होगा ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ नगर निगम को 35 लाख रुपए का मिलेगा राजस्व

नगर निगम, शहर के 70 तालाबों में मछली पालन कार्य के लिए मत्सय पालन समूहों को ठेका देगा। बाजार विभाग विभाग ने 10 साल की लीज पर इन तालाबों की सफाई, देखरेख के साथ मछली पालन कार्य के लिए 17 जनवरी तक आवेदन मंगाये हैं। इस कार्य के एवज में नगर निगम को 35 लाख रुपये की कमाई होने की उम्मीद है। राजधानी के बूढ़ातालाब, तेलीबांधा तालाब, कटोरातालाब और कंकाली तालाब को इस ठेके से अलग रखा गया है, क्योंकि इन तालाबों में वाटर रिक्रियेशन का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से चल रहा है। शहरभर में नगर निगम के रिकार्ड के हिसाब से 226 तालाब हैं, इनमें से 70 तालाबों के रखरखाव और मछली पालन का ठेका अवधि पूरा होने के बाद आगामी 10 साल की लीज के लिए इन तालाबों को मत्सय पालन सहकारी समितियों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जायेगा। चयनित समिति लीज की अवधि में तालाब की सफाई कर मछली पालन का काम करेगी। 17 जनवरी तक इसके लिए आवेदन निगम मुख्यालय के बाजार शाखा में जमा कराये जा सकते हैं। निगम मुख्यालय के माध्यम से लिये गये आवेदनों में लीज की राशि और पात्रता का परीक्षण मछली पालन विभाग द्वारा किया जायेगा, जबकि चयनित समूहों से मछली पालन के एवज में मिलने वाली लीज की राशि नगर निगम को मिलेगी।

अधिकारियों का कहना है कि राजधानी के बूढ़ातालाब, तेलीबांधा तालाब, सिविल लाइन क्षेत्र स्थित कटोरातालाब और ब्राम्हणपारा वार्ड स्थित प्राचीन कंकाली तालाब में मछली पालन ठेका नहीं होगा।

### निगम आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**रायपुर।** गांधी सदन में नगर निगम आयुक्त ने गुरुवार को निगम के अधिकारियों की मौजूदगी मे समीक्षा बैठक रखी। इस मौके पर उन्होंने सफाई, पेयजल और सड़क बत्ती के कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सभी जोन कमिश्नरों को शहर की सफाई व्यवस्था की नियमित मानिटरिंग करने और स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 की तैयारियों को प्रमुखता से कराए जाने की हिदायत दी।

**कथा के 6वे दिन बाल लीला, गोवर्धन पूजा व रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई**

# बच्चे बड़ों की बात नहीं मानते, दें संस्कार: ऋषिकेश तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

क्षेत्र के ग्राम देवगांव में स्वर्गीय नर्मदा बाई साहू की पावन भूमि में इलाज वाले सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू हेमलता साहू, सालिक साहू, दुर्गा राम इन्द्राणी साहू परिवार द्वारा नौ दिवसीय संगीतमय संकीर्तन श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 22 से 30 तक किया जा रहा है। व्यास से पंडित ऋषिकेश तिवारी ग्राम रवेली भेण्ड्री वाले के मुखारबिंद से श्रद्धालुगण छठवें पावन कथा का श्रवण कर रहे हैं। आज कथा का सांतवा दिन है। छटवे दिन के प्रसंग में बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रूखमणी विवाह से जुड़ी कथा को प्रस्तुत किया। बाल लीला कथा के बीच में महराज ने बच्चों और अविभावक से जुड़ी बाते बताई। कहा की आज की प्रमुख समस्या है कि बच्चे बड़ों की बात नहीं मानते, उनका सम्मान नहीं करते। थोड़ा-सा गहराई से सोचने पर स्पष्ट हो जाता है कि इसके लिए माता-पिता एवं अभिभावक भी कहीं जिम्मेदार हैं, क्योंकि उनके पास समय ही नहीं है कि वे बच्चों की बातों को सुनें, समझें व उनकी समस्याओं का सार्थक समाधान प्रस्तुत करें। साथ ही यदि व्यक्ति स्वयं ही अपने जीवन के प्रति सजग सचेष्ट न हो, तो फिर बाल निर्माण की बात और कठिन हो जाती है। इसके लिए आवश्यक हो जाता है कि सबसे पहले बड़े लोग स्वयं अपने लिए समय निकालें। अपने जीवन को समग्र रूप में समझने व संवारने का प्रयास करें, इसके परिष्कार एवं निर्माण पर ध्यान मान दें। फिर समझ आएगा कि जीवन का निर्माण कितनी सूक्ष्म एवं जटिल प्रक्रिया है, जिसे महज सैद्धांतिक नियमों एवं उपदेश-आदेश के आधार पर पर नहीं गढ़ा जा सकता। अपना व्यवहार, आचरण एवं जीवन ऐसा गढ़ना पड़ता है, जिससे बच्चे कुछ सीख सकें, प्रेरणा ले सकें।



### इनकी रही उपस्थिति

कथा स्थल पर छटवे दिन वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, भाजपा नेता, कांग्रेस नेता अधिकारी कर्मचारी पूरे कथा समय पर पहुंचकर शरणागत हुए। इस दौरान प्रमुख में विधायक राजिम रोहित साहू, विधायक अभनपुर इन्द्र कुमार साहू, पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू, पूर्व सासंद चुन्नी लाल साहू, भाजपा विधान सभा प्रभारी दिपक मस्के, सुनिल पिल्ले, थाना प्रभारी विजय साहू, मनीष हरित, हेमलाल नेताम, कुंज बिहारी साहू, मिंजुन साहू, पन्ना धुव, मोहन ठाकुर, आशाराम साहू, वेदराम साहू, नुतन साहू, प्रवीण साहू, सन्तानु सिन्हा, गोविन्द यादव बीके अशु बहन बी के चम्पा बहन, अधन ठाकुर, जागेश्वर साहू, ओमकार साहू, भुनेश्वर साहू,अरूण साहू, सौरभ, गया राम सेन, जनक सेन, गंगादिन साहू, मोती निषाद, टिकेश साहू उपस्थित थे।

### दो दर्जन लोगों ने किया रक्तदान

रूपसिंग के आह्वान पर रेडक्रास ब्लड सेंटर डीकेएस रायपुर के डाक्टर सत्यनारायण पांडे, डॉ. देवेन्द्र दूबे, डॉ. पूजा निराला, डॉ. धनेश्वरी मानिकपुरी, डॉ. सरस्वती साहू ने स्वास्थ्य एंव रक्तदान शिविर देवगांव कथा स्थल पर शुक्रवार को लगाया। जिससे 2 दर्जन रक्त दानदाता ने रक्त दान कर महादान का संदेश दिया। शुरु में ही 18 युनिट डोनेट हो चुके थे। रक्तदान देने वाले युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। रूपसिंग साहू ने कहा कि आगे वे युवाओं को रक्तदान के लिए और जागरूक भी करेंगे। कहा की रक्तदान से बड़ा दान कुछ भी नहीं है। लोगों द्वारा दिया गया रक्त किसी की जिंदगी बचा सकती है। इसलिए सभी को मिलकर रक्तदान करना चाहिए। रक्त दानदाता टिकेश साहू सिर्रीखुर्द,मोती निषाद बिजली,सितल साहू बिनौरी पुरेना, तेजराम देवगांव,हरिष धुव सरकंडा,गौतम धमनी, टिकेंश्वर साहू परसट्ठी, नेमीचंद करचाली, रणधीर रायपुर, रमाकांत तरीघाट, तोरण बिनौरी, लक्ष्मण बिनौरी, कमल देवगांव इत्यादि है।



### आरक्षण समाप्त करना चाहती है केंद्र और राज्य सरकार

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने 'संविधान के तहत आरक्षण को खतरा एवं भेदभाव का उन्मूलन- एक प्रमुख संवैधानिक मूल्य' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन धरसींवा ब्लॉक के कूंरा में आयोजित किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा, संविधान के तहत प्राप्त आरक्षण को जिस प्रकार से केंद्र और राज्य सरकार समाप्त करना चाहती है। इसका उदाहरण पिछली कांग्रेस सरकार में विभिन्न वर्गों द्वारा आरक्षण को जनगणना के आधार पर विधानसभा में पारित करकर राज्यपाल के पास भेजा गया था, जो अभी तक लंबित पड़ा है। इसी प्रकार से पूरे देश में हालत है।

पेज 9 के शेष...

### 54 गांव के किसान...

जल्द राशि लेने के चक्कर में 8-9 बजे लाइन में लगकर विड्रॉल जमा करके बैंक खुलने का इंतजार करते हैं जिसमें कोई सुधार नहीं हो रहा। 54 से अधिक गांव के किसान का जानकारी ऊपर के अधिकारी कर्मचारी को होने के बाद भी भाजपा सरकार के कार्यकाल में अभी तक नहीं हुआ। किसानों को अपनी राशि ज्यादा होने पर कम निकालने कहा जाता है। **किसानों के लिए बैंक में शौचालय नहीं-** जिला बैंक में किसान सुबह से शाम तक रहते है जिसमे बुजुर्ग, महिलाएं -पुरुष अपनी बारी का इंतजार करते हैं लेकिन जिसमें कई लोगों का तबियत भी ठीक नहीं रहते। ऐसे में शौचालय की जरूरत पड़ती है तो वहां ताला बंद कर दिया गया है। जिसमें किसी को इमरजेंसी लगी तो उसे किसी दूर जगह जाकर हल्का होना पड़ता है।

पाण्डुका में पैसे देने का दावा कई नेता कर चुके हैं दावा लेकिन विफल रही। वहीं पाण्डुका में कई नेताओं ने पैसा देने की बात कर चुके है लेकिन आज तक सिर्फ हवा हवाई वाला बात रहा जिसमे आज तक गरियाबन्द के चक्कर काटने किसान मजबूर हैं।

### पांच करोड़ की...

वाला प्रमुख व्यक्ति है।

**निवेशकों को भारी नुकसान-** गिरोह ने कई लोगों की जमा पूंजी ठगी। कुछ ने प्रॉपर्टी गिरवी रखकर या मोटी ब्याज दर पर कर्ज लेकर निवेश किया था। पीड़ितों में शिक्षक और पुलिस परिवारों के लोग भी शामिल हैं। पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से ठगी के अन्य मामलों में भी बड़े खुलासे की उम्मीद है। रकम की वापसी के लिए पुलिस ठोस प्रयास कर रही है।

**खबर संक्षेप**

## राजिम कॉलेज में खिलाड़ियों का चयन कल : शरद



**राजिम।** शहर के शासकीय राजीव लोचन कॉलेज मैदान में 29 दिसंबर को सुबह 10 बजे से नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट मीट के लिए गरियाबंद जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा 60 मीटर एवं 600 मीटर दौड़ तथा लम्बी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक के लिए चयन होगा। ठीक इसी तरह 16 वर्ष से कम बालक व बालिकाओं के लिए 60 मीटर दौड़, 80 मीटर हडल्स, 600 मीटर दौड़, लम्बी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक में चयन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शरद पारकर ने बताया कि सभी खिलाड़ी समय सीमा में पहुंचे। सभी चयनित खिलाड़ी भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

## खट्टी में मनाई गई वाजपेयी की जयंती




**नर्रा।** ग्राम पंचायत खट्टी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 जयंती पर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। सरपंच मीना तीरथ पटेल ने अटल बिहारी वाजपायी को याद करते हुए कहा कि अटल भारतीय राजनीति के भीष्म थे। जयंती पर अटल के छायाचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि तिरथ पटेल, कौशिक पटेल, रूपधर साहू, छबि लाल पटेल समेत ग्राम के लोग उपस्थित थे।

## परसुली में छत्तीसगढ़ी नाच कार्यक्रम 31 को

**नर्रा।** ग्राम परसुली में युवा किसान समिति के तत्वावधान में नववर्ष का स्वागत के अवसर पर रात्रिकालीन जय मां शारदा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी कुसमी का आयोजन रखा गया है। जानकारी देते हुए आयोजक समिति के सदस्य परमेश्वर पटेल ने लोगों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### दिवस : हल्बा समाज ने मौली माता से नगर भ्रमण कर जल कलशयात्रा निकाली

# समाज को एक सूत्र में बंधे रहने की जरुरत है : कमलेश कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

विकासखंड फिंगेश्वर में आदिवासी हल्बा समाज द्वारा 26 दिसंबर को शक्ति दिवस मनाया गया। जिसमें भव्य शोभायात्र निकाली गई। प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को शक्ति दिवस के रूप में छत्तीसगढ़ सहित कई अन्य राज्यो में पांचों महा सभाओं का एकीकरण को लेकर जो एकता का प्रतीक, भाईचारे के संदेश देता समाज में एक रुपता बनाए रखने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।इसी तारतम्य में फिंगेश्वर समस्त आदिवासी हल्बा समुदाय द्वारा बहुत जोश उल्लास के साथ शक्ति दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम समाज प्रमुखों पदा धिकारियों नगर के मौली माता प्रांगण में सभी मातृ शक्ति, पितृ शक्ति, युवाक–युवती प्रभाग, कर्मचारी प्रकोष्ठ,महिला प्रकोष्ठ,बच्चे, बूढ़े सभी सगा सियान की उपस्थिति में मां दंतेश्वरी, मां मौली माता,वीर शहीद गैंदसिंह नायक की पूजा अर्चना कर सभी महिलाएं जल कलश लिए सभी लोग आदिवासी वेशभूषा,तीर कमान, आदिवासी समाज की संस्कृति से सुसज्जित सिर पर पगड़ी और माथे पर कलगी लगाए गाजे -बाजे के साथ शक्ति दिवस अमर रहे, अमर रहे, नगर में भव्य जल कलश यात्रा निकाल सभी देवी -देवताओं का सेवा जोहार प्रणाम करते नाचते गाते अपनी संस्कृति की झलक बिखेरी और उसका समापन भी मौली माता के मंदिर में की गई।



### परिवार को सभी लोगों सहेज कर रखते हैं

मंदिर प्रांगण में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया उद्बोधन की कड़ी में कमलेश कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता जिसने समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया कमलेश ने कहा की आज का दिन आदिवासी हल्बा समाज के लिय बहुत खास दिन है क्योंकि आज ही के दिन हमारे सभी सभाओं का एकी करण हुआ था जिसे आज पूरा समाज एकता का संदेश देते शक्ति दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज समाज को एक सूत्र में बंधे रहने की आवश्यकता है तभी पूरा आदिवासी समुदाय अपने हक एवम अधिकार को जान एवम समझ पाएगा। आदिवासी समाज को एक सूत्र में बांधने के लिय हमारे पूर्वजों ने को बहुत मेहनत की है और जिस प्रकार से समाज में संगठन दिखता है इससे साफ जाहिर होता है जिसे सहेज कर रखने की आवश्यकता है। उक्त अवसर पर नालती कश्यप महिला प्रकोष्ठ एवं समाज प्रमुख ने कही जिस प्रकार से घर परिवार में एक मां एक पत्नी अपने परिवार को सभी लोगों को सहेज कर रखती है, ताकि बिखरे न और बिखर जाने से उसका अस्तित्व भी खतम हो जाता है। उसी प्रकार समाज को एक धागे में पिरोने की आवश्यकता है हर साल हल्वा समाज 26 दिसंबर को शक्ति दिवस के रूप में मनाती है तो इसके उद्धेश्य को जानना बहुत जरूरी है। इस दौरान बल्दाऊ कश्यप, मनहरन कश्यप, नाथू कश्यप, किसन कश्यप, विष्णु भंडारी, कपूर कश्यप, चौतराम कश्यप, गंजु राम, अरुण कश्यप, कमलेश कश्यप, जितेन्द्र, योगेश्वर, कश्यप, रुपेश, निर्मल, मिथलेश, ओमकार, संतोष, अश्वनी, रितेश, लालू, गोला, संतोष, नाग, खेमराज, सूर्यश, देवानन्द, नागेश्वर, घनश्याम, महिलाओं में नालती कश्यप, श्यामा कश्यप, सेवती कश्यप, अंगीता, ललिता, इंदिरा कश्यप, उर्मिला, सातों बाई, दशमत, रुखमनी, गीता, कुमुद एवं समस्त हल्बा समाज फिंगेश्वर की उपस्थिति रही।

## भाजप मंडल ने साहिबजादों के बलिदान को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी मण्डल गरियाबंद एवं बिंद्रानवागढ़ के तत्वाधान में भाजपा कार्यालय गरियाबंद में वीर बाल दिवस मनाया गया। सिख समाज के गुरु गुरुगोविंद सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेहसिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव सिंह हुंदल ने वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को नमन किया और कहा की पीढ़ियों को अपने साहस और बलिदान से प्रेरित किया। श्री हुंदल ने कहा की आज का दिन अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। वीर बाल दिवस मनाने का उद्देश्य साहिबजादों की शिक्षा, त्याग और निष्ठा से प्रेरणा लेना है। गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने वीर बाल दिवस के अवसर पर कहा कि गुरु गोविन्द सिंह के कम आयु के वीर बालको का धर्म रक्षा के लिए बलिदान देना अतुलनीय कार्य है, ऐसा उदाहरण बहुत कम ही मिलता है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा, जिला अध्यक्ष राजेश साहू जिला महामंत्री अनिल चन्द्राकर , मंडल अध्यक्ष सुमित पारख पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप भोंसले, पूर्व नगरपालिका अध्यक्षा मिलेश्वरी साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके ने धर्मनिष्ठा एवं बलिदान की विस्तृत व्याख्या की एवं मण्डल अध्यक्ष बिन्द्रानवागढ़ धनराज विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन परस देवांगन ने किया। गरियाबंद के घनश्याम सिन्हा, आशीष शर्मा, सागर मयानी, फिरतू राम कांवर, धनंजय नेताम, बिन्दु सिन्हा, रेणुका साहू, तनु साहू, प्रियंका सोनी, सरला उईके, प्रकाश यादव, प्रकाश सोनी, प्रहलाद ठाकुर, प्रतीक सिंह, विनोद नेताम, दीनू सिन्हा, भाजपा मण्डल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ब्लाक कांग्रेस ने डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजली अर्पित की



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में शुक्रवार को शाम 6 बजे हमर मैनपुर चौक में ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा एक श्रद्धांजली सभा का आयोजन कर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हे श्रद्धांजली अर्पित किया। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने श्रद्धाजंली अर्पित करते हुए कहा की पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह देश के आर्थिक क्रांति के महानायक थे। उन्होने अपने प्रधानमंत्रीत्व काल में देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूत किया। आज मनमोहन सिंह के कारण ही पूरे विश्व में भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभरा हैं। उन्होने आगे कहा अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में शिक्षा का अधिकार सूचना का अधिकार, रोजगार का अधिकार, किसानों की कर्ज माफी जैसे अनेक ऐतिहासिक कार्य किए है। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गैदु यादव, युवा कांग्रेस सोहन नागेश, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, गजेन्द्र यादव, डोमार साहू, बिरेन्द्र श्रीवास्तव, मनीष पटेल, दयाराम यादव, शांतुराम, लोकनाथ साहू, अशोक दुबे, थानुराम पटेल, त्रिभुवन पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 36 आंबा भवनों के उन्नयन के लिए 24 लाख रुपए स्वीकृत

**गरियाबंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत गरियाबंद जिले की फिंगेश्वर परियोजना के 36 आंगनबाड़ी भवनों के उन्नयन और मरम्मत कार्य के लिए 24 लाख 25 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह कार्य कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश और जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार पांडे तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी दीपा शाह के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। मरम्मत के लिए आबंटित राशि प्रशासकीय स्वीकृति के तहत ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, गरियाबंद को निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया है। इस योजना में प्रत्येक भवन के लिए मरम्मत के आधार पर अलग-अलग राशि आवंटित की गई है। मरम्मत के तहत भवनों की दीवारों की मरम्मत, छतों की सुधार, बिजली कनेक्शन और रंग-रोगन का कार्य किया जाएगा। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों और महिलाओं के लिए सुरक्षित और अनुकूल बनाया जाए। इन भवनों के उन्नयन से बच्चों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं प्राप्त होंगी। यह कदम महिला और बाल विकास विभाग की ओर से क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## वीर बाल दिवस पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवनी पर चित्रकला, निबंध एवं कविता का वाचन विद्यार्थियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक कुशल राजनेता, प्रखर वक्ता एवं ओजस्वी कवि थे। उनकी कविताओं में गहरी देशभक्ति मानवता और समाज की सच्चाई का दर्शन होता है। उन्होंने आगे राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में बच्चों एवं युवाओं की अहम भूमिका होती है। उनमें देश को विकसित करने और प्रगति की ओर ले जाने की शक्ति होती है। वह देश में सामाजिक सुधार लाने के लिए भी जिम्मेदार होते हैं।इसलिए युवाओं को समर्पित, उत्कृष्ट और सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए ताकि वह अपने नवाचार, कार्य कुशलता और उत्साह से भारत के विकास को गति दे सके। कार्यक्रम के अंत में भाषण चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले गीता साहू, अर्पिता साहू, रीतू सेन एवं स्वाति साहू को शाला के प्राचार्य द्वारा पुरस्कार देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसन पर विद्यालय के प्राचार्य पूरनलाल साहू, वरिष्ठ व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू उपस्थित थे।

## हाईवे के किनारे पहुंचा गौर का झुण्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे मार्ग में नेशनल हाईवे 130 सी उदंती नदी के किनारे शुक्रवार सुबह 11 बजे के आसपास गौर का झुण्ड दिखाई दिया। झुण्ड में गौर के बच्चे भी शामिल हैं। आने- जाने वाले यात्री बसों से गौर को नदी किनारे विचरण करते देखते रहे हैं। वहीं कई वाहन चालकों ने अपने वाहनों को रोककर गौर की तस्वीर भी अपने कैमरे में कैद किया है। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र में लगभग 40 से 50 की संख्या में गौर की झुण्ड है और अधिकांश गौर उदंती और सीतानदी के जंगल में ही दिखाई देते है लेकिन कभी कभी सड़क के नजदीक गौर के झुण्ड देखा जाता है। मिली जानकारी के अनुसार उदंती अभ्यारण में गौर की संख्या में इजाफा होने की बात वहां के निवासियों द्वारा बताई जाती है।



## रामअधार शर्मा के नाम से जाना जाएगा नए व्यवसायिक परिसर

**नवापारा-राजिम।** बस स्टेण्ड के पास नए बने पालिका के व्यवसायिक परिसर का नामकरण शहर के सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामअधार शर्मा के नाम से किया गया। यह निर्णय परिषद की एक आवश्यक बैठक में पालिकाध्यक्ष धनराज मध्यानी की अध्यक्षता में लिया गया। पालिका के इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, सभापति अजय कोचर ,अजय साहू, मंगराज सोनकर, हेमंत साहनी,अनूप खरे, जुगा बाई गिलहरे, लोकिन-अर्जुन साहू, एल्डरमेन दीपाली राजपूत, स्वर्णजीत कौर, शाहिद रजा, रामा यादव, पार्षद रुमेश्वरी-फागुराम देवांगन, योगेंद्र कंसारी, बॉबी चावला, रवि साहू, ओमकुमारी-संजय साहू, चुम्मन कंडरा,मयाराम साहू, मधु-तरुण बाफना मौजूद थे। नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में नगर पालिका द्वारा निर्मित विभिन्न परिसरो का नामकरण किया गया जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। नगर के हृदय स्थल सदर रोड स्थित पुराना नगरपालिका कार्यालय में बने नवनिर्मित परिसर का नाम नगर के वाशिंदे कंसारी समाज के लोगों की भावनाओं के अनुरूप श्री सत्यदेव व्यावसायिक परिसर रखा गया। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप बने व्यवसाय परिसर का नाम सिंधी समाज के लोगों के भावनाओं के अनुरूप श्री झूलेलाल के नाम पर किया गया। साहनी मोहल्ला वार्ड क्र.7, में बने व्यवसायिक परिसर का नाम साहनी समाज की इष्ट देवी माता कर्मा के नाम पर रखा गया। इसी तरह बस स्टैंड के समीप बने 22 दुकानों वाले नवनिर्मित परिसर का नाम सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित रामअधार शर्मा के नाम पर किया गया। पालिका द्वारा लिए गए इस निर्णय का शहर के समूचे लोगो ने प्रसन्नता जाहिर किया है।



**आवेदन आमंत्रित**

**पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)**

**अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।**

- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।

आवेदन करें

Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## 54 हितग्राहियों को व्यवसायों करने के लिए मिला अनुदान

**गरियाबंद।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति गरियाबंद द्वारा अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना के पात्र हितग्राहियों को स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लिए अनुदान राशि वितरित किया जाता है। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी सुश्री रश्मि गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा संचालित अंत्योदय स्वरोजगार योजना के तहत 35 एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत 19 इस प्रकार कुल 54 हितग्राहियों को विभिन्न व्यवसायों के लिये बैंको के माध्यम से 17 लाख 65 हजार रुपए ऋण उपलब्ध कराया गया। जिसमें जिला अंत्यावसायी द्वारा 5 लाख 40 हजार रुपए अनुदान राशि स्वीकृत कर प्रदाय किया गया।

## दलदली में अष्टोत्तर महायज्ञ 3 जनवरी से

**महासमुंद।** मानस यज्ञ समिति दलदली (उमरदा) द्वारा तीर्थ स्थल दलदली में 3 जनवरी से 13 जनवरी तक श्रीराम चरित मानस अष्टोत्तर शत (परायण) महायज्ञ का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस 3 जनवरी अग्नि स्थापना, 4 को वेदी पूजन एवं यज्ञ हवन प्रारंभ, 12 को परायण (पाठ) विश्राम एवं 13 जनवरी को पूर्णाहुति, यज्ञांत व प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होगा। वहीं 4 से 12 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम होंगे। 9 से 11 जनवरी तक शाम 7 बजे से पंडवानी गायिका मीना साहू की प्रस्तुति होंगी। कार्यक्रम के यज्ञाचार्य पं पंकज तिवारी साराडीह, प्रवचनकर्ताद्वय शकुंतला देवी लोहारी एवं पं हरदयाल उपाध्याय मुंगेली एवं कार्यक्रम के मुख्य यजमान मार्कंडेय चंद्राकर होंगे। आयोजन समिति के सदस्य भूषण चंद्राकर, अनिल, सुरेश, भुनेश्वर, भीखम एवं युवराज चद्राकर ने सभी श्रद्धालु भक्तों को अधिक संख्या में इस महायज्ञ में शामिल होने की अपील की है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### चैतरा के कृषकों को मूंगफली बीज का किया गया वितरण

**फिंगेश्वर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना कलस्टर प्रदर्शन योजना के अंर्तगत ग्राम चैतरा के किसानों को कृषि विभाग कार्यालय फिंगेश्वर में मूंगफली की किस्म लिपाक्षी बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बीआर साहू ने बताया कि ग्रीष्म कालीन धान के बदले मूंगफली की खेती से कृषकों को धान फसल की अपेक्षा काफी लाभ मिलेगा एवं कृषकों की आय में वृद्धि होगी। लगातार धान की खेती होने से भू-जल स्तर काफी घट रहा है। ऐसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में कृषकों को दलहन-तिलहन की खेती के लिए कृषकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर नरेश साहू, रवि साहू, जागेश्वर साहू, धमेंद्र साहू, किसान मित्र टंकेश्वर, खुमन साहू, डोमन साहू, मुन्ना लाल, नारायण साहू एवं अन्य 25 कृषक व कृषि विभाग के अधिकारी केआर वर्मा ग्राम विकास अधिकारी हरिशंकर सुमेर एवं उज्जवल शर्मा ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी उपस्थित थे।

### उपार्जन केंद्रों में नहीं हो रहा धान का उठाव : रूपेश

**कोपरा।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने विभिन्न खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर किसानों की समस्या जानी और कहा की साय सरकार में उपार्जन केन्द्रों



में धान का उठाव नहीं होने से किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी, धान खरीदी के लिए जगह नहीं,खरीदी केंद्र से बाहर खरीदने मजबूर धान खरीदी समिति प्रबंधक अनेक समस्याओं के बावजूद खरीदने मजबूर है,धान का बफर स्टॉक डबल से भी ज्यादा हो गया है लेकिन समिति के कर्मचारी अधिकारियों के दबाव में खरीदी कर रहे है अधिक तौल की शिकायत भी अभी भी जारी है सुखत एवं अन्य खर्च सभी अब समितियों की जिम्मेदारी हो गई है। जिसके कारण किसानों से अधिक धान की तौलाई किया जा रहा है किसानों का धान 40 किलो के स्थान पर 42 किलो लिया जा रहा है।

### मांग : बड़े कार्यक्रम, नेताओं व अधिकारियों की यहीं होती है बैठक

# मैनपुर के विश्रामगृह में कमरों की कमी सर्व सुविधा युक्त निर्माण की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर में सर्व सुविधा युक्त विश्राम गृह की मांग लम्बे समय से किया जा रहा है। तहसील मुख्यालय के लिहाज से मैनपुर में विश्राम गृह नहीं होने के कारण विभिन्न राजनितिक व संगठनों के कार्यक्रम आयोजित करने में बेहद परेशानी होती है। नगर में लोक निर्माण विभाग का एक विश्राम गृह है लेकिन वह काफी पुरान होने के कारण विश्राम गृह के दिवारे और छत कमजोर हो चली है हर साल मरम्मत कर कार्य चलाया जा रहा है विश्राम गृह में सुविधाजनक कमरों व फर्नीचर की कमी है। यहां सभी राजनितिक पार्टीयों के बैठक व नेताओं का कार्यक्रम समय समय पर आयोजित किए जाते हैं लेकिन पर्याप्त फर्नीचर व कमरों के कमी के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर के लोगों ने पूर्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री तक को ज्ञापन सौंपकर मैनपुर में सुविधा जनक विश्राम गृह की मांग कर चुके हैं लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जब भी नगर में कोई भी केबिनेट मंत्री से लेकर विधायक व विभिन्न राजनितिक पार्टीयों के नेताओं व जनप्रतिनिधियों का मैनपुर दौरा होता है तो इस एक मात्र लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में ही पहुंचते है और हर बड़े कार्यक्रम बड़े नेताओं व अधिकारियों के बैठक भी यही आयोजित होते है। कई बार नए विश्राम गृह की मांग किया जा चुका हैं लेकिन इस ओर अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

मैनपुर क्षेत्र के तहसील मुख्यालय के साथ अनुविभाग मुख्यालय भी है यहां आए दिनों जनप्रतिनिधियों और अफसरों का आगमन होता रहता है लेकिन विश्रामगृह में कमरों की कमी के चलते भारी परेशानी होती है। मैनपुर में विश्रामगृह में एक कमरा है जिसके कारण भारी परेशानी होती है। वहीं विश्रामगृह के बगल में विभाग के बहुत अधिक जमीन उपलब्ध है जहां आसानी से विश्रामगृह का निर्माण किया जा सकता है लेकिन इस गंभीर समस्या के समाधान की ओर अब तक गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया।



#### निर्माण किया जाएगा

लोक निर्माण विभाग के सब इंजिनियर संजय यादव ने बताया कि मैनपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा सर्व सुविधा युक्त विश्राम निर्माण के लिए पूर्व में प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। यहां विश्राम गृह के कर्मचारियों के लिए भी आवास निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। राशि स्वीकृत होने पर विश्राम गृह का निर्माण किया जायेगा।

#### निर्माण के लिए करेंगे मांग

भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, सरपंच संघ के गरियाबंद जिला अध्यक्ष बलदेव राज ठाकुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष,ब्लाक महामंत्री गैंदु यादव, आम आदमी पार्टी के नेता हनीफ मेमन, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने बताया की मैनपुर तहसील मुख्यालय में लोक निर्माण विभाग को बड़े विश्राम गृह निर्माण किया जाना चाहिए जिससे यहां आने वाले जनप्रतिनिधियों व उच्च अधिकारियों व क्षेत्र के लोगों को परेशानी न हो जब कोई बड़े जनप्रतिनिधि क्षेत्र के दौरे पर आते हैं तो उन्हे समस्या बताने या उनसे मिलने बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग विश्राम गृह में पहुंचते हैं लेकिन जगह कम होने के कारण परेशानी होती है। मैनपुर में सर्व सुविधा युक्त विश्राम गृह निर्माण के लिए मांग करेंगे।



### 6 समिति में परिवहन शून्य 13 में परिवहन धीमी

**छुरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि सरकार की धान खरीदी की नीति से किसान काफी परेशान है। साथ ही साथ धान खरीदी करने वाले समिति के पदाधिकारी और कर्मचारी भी परेशान हैं। क्योंकि इससे होने वाले नुकसान की भरपाई इन्हीं लोगों को करना पड़ता है। क्षेत्र में लगभग 19 धान खरीदी केंद्र है जहां दौरा करने पर पता चला कि छह स्थानों पर तो अभी तक परिवहन प्रारंभ भी नहीं हुआ है और शेष 13 स्थान पर काफी धीमी गति से परिवहन किया जा रहा है जिससे धान खरीदी रुक -रुक कर चल रही है। किसान परेशान है आदिम जाति सेवा समिति सिवनी, कोसमी, चरोदा , कनसिंघी, दुल्ला, परसदा में परिवहन अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है। वह बाकी अन्य जगहों पर परिवहन का कार्य धीमा गति होने की वजह से धान खरीदने की जगह नहीं हो पाती और सप्ताह में दो से तीन दिन बंद हो जा रहा है इससे समिति कालक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। आदिम जाति सेवा समिति छुरा में 39168 क्विंटल, सिवनी में 27626 क्विंटल, रसेला में 40 619 क्विंटल, कोसमी 20208 क्विंटल, लोहझर 31557 क्विंटल, रानी परतेवा में 16411 क्विंटल, सोरिद में 13164 क्विंटल, चरोदा में 23474 क्विंटल, खंडमा में 26441 क्विंटल, कनसिघि 20284 क्विंटल, सांकरा 28984 क्विंटल, साजा पाली 7316 क्विंटल, पांडु का 18685 क्विंटल, दुल्ला 28784 क्विंटल, अकलवारा 17786 क्विंटल, पक्तियां 220 65 क्विंटल, पोड़ 24232 क्विंटल, पाटसिवनी 22270 क्विंटल, परसदा में 17817 क्विंटल अब तक शेष है। कई जगहों पर खेत एवं मैदान में खरीदी की जा रही है एवं परिवहन नहीं होने की वजह से गाड़ियों को आने-जाने में काफी दिक्कत है हो रही है। साथ ही साथ मौसम भी लगातार खराब होने की वजह से समितियां को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।

## प्रतियोगिताओं के सफल प्रशिक्षणार्थी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद



सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव के मार्गदर्शन में जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, गरियाबंद में 9 से 20 दिसम्बर के बीच सुशासन पर जनसामान्य को सरकार की जनहितकारी योजनाओं, गतिविधियों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी के सहायक परियोजना अधिकारी सृष्टि मिश्रा ने बताया कि इनमें 10 दिसम्बर को रंगोली प्रतियोगिता, 11 दिसम्बर को मेहंदी प्रतियोगिता, 12 दिसम्बर को पेंटिग, पोस्टर प्रतियोगिता, 16 दिसम्बर को वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं 20 दिसम्बर को सुशासन पर संगोष्टी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। जिसमें लाईवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 300 प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिन्हें 26 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटलबिहारी वाजपेयी जी के 100 वीं जयंती के उपलक्ष्य में पुरूस्कृत किया गया तथा छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक दीनबंधु ध्रुव, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक मोहम्मद मोफिज मेमन उपस्थित हुए जिनके द्वारा प्रतिभागियों को सभी विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार का वितरण किया गया। इस दौरान दीनबंधु ध्रुव ने उद्योग विभाग द्वारा युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन लेकर व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। तथा मो. मोफिज मेमन ने जिला अग्रणी बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में लाईवलीहुड कॉलेज समस्त अधिकारी कर्मचारी तथा प्रशिक्षणार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मितानिन आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिका हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर



अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर ग्राम पंचायत बेलर सरपंच टायल साहू, सचिव संघ जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू व पत्रकार भागीरथी सिन्हा द्वारा ग्राम बेलर, घोघरा, गनियारी, पतोरा, परसदा कला, खुडसा, पतोरी के समस्त मितानिन दीदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका दीदियों का श्रीफल, साड़ी- शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इससे पहले अटल जी जन्म जयंती पर अटल स्तंभ पर पूजा अर्चना कर नरियल फोड़ कर स्मरण किए।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत फिगेंश्वर पुष्पा जगन्नाथ साहू, अध्यक्षता सरपंच बेलर टायल साहू, विशिष्ट अतिथि जिला सचिव संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू थे। पुष्पा साहू मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता , सहायिका के जन हितैषी कार्यों को अतिथियों ने सराहना करते कहा कि उनके द्वारा करोना काल संकट के समय किए जाने वाले कार्य प्रशंसनीय है। वहीं टीकाकरण, सुपोषण, बच्चों की प्रारम्भिक शिक्षा, जच्चा बच्चा की सुरक्षा, सुरक्षित प्रसव सभी प्रकार के शासन से प्राप्त कार्यों को भलीभांति जमीन पर उतारने का कार्य वंदनीय है। प्रवीण साहू ने कहा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका हमेशा छोटे-छोटे बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मितानिनों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य परक, गर्भावस्था की देखभाल, पौष्टिक अहार, व समाज में जानकारी प्रदान करती है। समाज मे अहम भूमिका होती है शासन की योजनाबद्ध तरीके से पालन कराने में विशेष सहयोग रहा है।इसलिए सम्मान करना गर्व की बात है। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर पुष्पा जगन्नाथ साहू, अथिति नेमीचंद देवांगन जनपद सदस्य, सरपंच बेलर डॉक्टर टायल राम साहू, सरपंच गनियारी लक्ष्मी याद राम सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत परसदा कला, सरपंच पतोरा अमरीका ऊदे राम साहू, हेमलता साहू सुपरवाइजर, धनेश्वरी साहू, उपसरपंच बेलर, याद राम सिन्हा, मोहन निषाद, प्रवीण साहू जिलाध्यक्ष सचिव संघ व परिक्षेत्र अध्यक्ष बेलर, जितेंद्र साहू, रवि साहू, सौरभ साहू, घनश्याम ध्रुव, तारण दास, पंच राजन साहू, पंच चरण यादव, दुर्गा साहू, फत्तेलाल साहू, डिगेश गुप्ता, विकास साहू, अमन महाराज, मितानिन एसपीएस सेविका सोनी, मितानिन एमटी सरोज साहू, रामहीन सिन्हा, गणेशिया साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डामिन साहू, अंजली तिवारी, केवरा ध्रुव, मीना ध्रुव, वीना रात्रे, देवकी ध्रुव, सुखबती साहू, पंच गजेंद्र साहू, पोखराज साहू, खेमन साहू रहे।

## पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह को दी गई श्रंद्धाजलि



**नवापारा-राजिम।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर आईसेक्ट में शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आईसेक्ट के निदेशक बलराम देवांगन ने महान अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह के कार्यों को याद करते हुए बताया कि डॉ मनमोहन सिंह का 1932 में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एक गरीब परिवार में जन्म हुआ था। वर्ष 1947 के बाद उनका पूरा परिवार भारत आ गया। शासकीय स्कॉलरशिप प्राप्त कर उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। कैंब्रिज विश्वविद्यालय से उन्होंने डी.लिड की उपाधि प्राप्त की थी। डॉ मनमोहन सिंह वर्ष 1991 में यूजीसी के अध्यक्ष नियुक्त किए गए एवं रिजर्व बैंक आफ इंडिया के गवर्नर के पद पर आसीन रहे। डॉ. पीवी नरसिम्हा राव सरकार में बतौर वित्त मंत्री रहते हुए जब पूरा विश्व आर्थिक संकट से जूझ रहा था तब उन्होंने अपने कार्यों एवं प्रयासों से भारत को आर्थिक प्रगति दिलाई। डॉ मनमोहन सिंह आर्थिक विकास के जनक माने जाते हैं। वर्ष 2004 से लेकर वर्ष 2014 तक में भारत के प्रधानमंत्री रहे। डॉ मनमोहन सिंह द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों को आज भारत याद रखेगा। डॉ मनमोहन सिंह द्वारा ही शासकीय स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना प्रारंभ की गई थी सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, भोजन का अधिकार, मनरेगा, आधार कार्ड जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं के जनक रहे है। डॉ. मनमोहन सिंह अत्यंत सरल एवं नम्र स्वभाव के व्यक्तित्व थे। भारत के लिए किए गए उनके आर्थिक एवं सामाजिक योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। श्रद्धांजलि सभा में आईसेक्ट के समस्त स्टाफ साखी निर्मलकर, खिलेश्वरी साहू भुनेश्वरी साहू, पूर्वी साहू, विजय यादव एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### डॉ. मनमोहन को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

**नवापारा-राजिम।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ने संगवारी कार्यालय में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन को देश एवं कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया। कहा कि



जब डॉक्टर मनमोहन सिंग प्रधानमंत्री थे। तब पूरे विश्व में मंदी का दौर छाया हुआ था बड़े-बड़े देश आर्थिक मंदी से गुजर रहे थे। उस वक्त डॉक्टर मनमोहन सिंग जी की नीतियों के कारण भारत देश में मंदी का असर बहुत ज्यादा नहीं रहा ऐसे महान अर्थशास्त्री को उन्होंने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में सरदार जीत सिंग, नगर पालिका उपाध्यक्ष चतुर जगत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजा चावला, पार्षद अजय साहू, हेमंत साहनी, अनूप खरे, अर्जुन साहू, रामकुमार शर्मा, अजय गाड़ा, गुड्डू महाराज, रामरतन निषाद , मितेश शाह, घनश्याम साहू, कुमारी दीपाली राजपूत, वीरेंद्र राजपूत, विनोद कंडरा, बीरबल राजपूत आदि उपस्थित थे।

## गुरु गोविंद के पुत्रों के अदम्य साहस और बलिदान से लेनी चाहिए प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में भाजपा मंडल मैनपुर द्वारा गुरुवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर अमर शहिद वीर बालकों के चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। सिक्खों के 10वें गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्र बाबा जोरावर सिंह, फतेह सिंह के बलिदान को याद करने के लिए हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, रामदास वैष्णव, घनश्याम मरकाम, नंद किशोर चौबे, कृष्ण कुमार नेताम, नंदनी नेताम, कुमारी बाई पटेल, दाउलाल ध्रुव, निमेश सिन्हा, नरेश सोनवानी, उपेन्द्र कुमार, रामजी मरकाम, मनोज निर्मलकर, अनुप कश्यप, जनक यादव, दिनेश सचदेवा, पुलस्त शर्मा एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में वीर बाल दिवस के अवसर पर दसवें सिख गुरू गोविंद सिंह के शाहबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह के अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान को याद करते हुए कहा की गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों ने धर्म के रक्षा के लिए बहुत कम उम्र में ही अपने आप को बलिदान कर दिया।

## श्रीकृष्ण ही है श्रीमद्भागवत : रत्नेश राममिलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम रानीपरतेवा के पुरानी भवन रंगमंच पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथावाचक रत्नेश महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के दैहिक, दैविक और अलौकिक विवाह का वर्णन किया। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से आयोजित की जा रही है। ग्राम के सेवानिवृत्त बिजली मिस्त्री खम्हण लाल यादव द्वारा अपने पूर्वजो की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम के आमंत्रण में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद एवं आध्यात्मिक संस्थान की ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी व चंद्रिका बहन पहुंची। कथा के छठवें दिन कथा वाचक रत्नेश जी महाराज ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा में ही भगवान श्री कृष्णा है और श्रीकृष्ण ही श्रीमद्भागवत है। कथा सुनना ही साक्षात श्रीकृष्ण के दर्शन करना है। सुदामा की कथा सुनाते हुए कहा कि व्यक्ति को अभिमान कभी नहीं करना चहिए लेकिन स्वाभिमान कभी नहीं छोड़ना चाहिए। कथा में सांसारिक व्यवहार का सटीक वर्णन करते हुए कहा हर वस्तु चालयमान है। लक्ष्मी धन संपदा आदि भी चंचल है। यदि कोई इन्हें रोकना चाहें तो उनके पंचदेव रुष्ट हो जाते है। लक्ष्मी धन आदि का संग्रह कदापि न करते हुए उसका उपयोग सांसारिक श्रेष्ठ कार्यों जैसे दान पूर्ण के लिए करें। महाराज जी ने बताया कि ग्रहस्थ आश्रम में विशेष प्रकार का भार आ जाता है। एक पल मे ऐसा लगता है कि आपके बिना कुछ नहीं और सबकुछ आपका है। सच है कि संसार मे कोई आपका नहीं और आपके बिना किसी का कोई काम रुकता नहीं। इस लिए यह अभिमान न करें कि सबकुछ मेरे से ही। में नहीं रहूंगा तो क्या होगा।

### श्रीकृष्ण के 16 हजार 108 विवाह का वर्णन



कथा के सातवें दिन भगवान श्री राधा कृष्ण और रुक्मणी विवाह की कथा के साथ साथ कथावाचक पं. रत्नेश जी बताया कि कैसे भगवान श्रीकृष्ण के 16108 विवाह हुए। उन्होंने आठ विवाह के वर्णन सुनाये। कथा वाचक ने कहा भगवान कृष्ण की पत्नियों को पटरानियां कहा जाता है। भगवान श्रीकृष्ण की 8 पत्नियां थी। जिनके नाम रुक्मणि, जाम्बवन्ती, सत्यभामा, कालिन्दी, मित्रबिन्दा, सत्या, भद्रा और लक्ष्मणा था। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने ग्रामवासियों सहित यादव समाज, परिवार व क्षेत्र के लोग हजारो की संख्या में मौजूद रहे।

